प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

2020

विषय : नागरिकशास्त्र
कक्षा–12

समय : 03 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः–

i) प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्न संख्या 01 से 10 तक **बहुविकल्पीय** प्रश्न हैं।

iv) प्रश्न संख्या–11 से 20 तक **अति लघु–उत्तरीय** प्रश्न है; जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

v) प्रश्न संख्या–21 से 26 तक **लघु–उत्तरीय** प्रश्न हैं; जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है।

vi) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक लगभग 100–125 शब्दों में देना है।

vii) प्रश्न संख्या 31 और 32 तक **दीर्घ–उत्तरीय** प्रश्न हैं, जिनका उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना है।

viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(बहु–विकल्पीय प्रश्न)

1. राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना कब की गई? 01

(अ) 1951 (ब) 1952

(स) 1953 (द) 1954

2. निम्न देशों में से कौन–सा एक मित्र राष्ट्रों में नहीं था? 01

(अ) फ्रांस (ब) इटली

(स) अमरीका (द) सोवियत संघ

3. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम सम्मेलन 1961ई0 में कहाँ सम्पन्न हुआ था? 01

(अ) नई दिल्ली (ब) जेनेवा

(स) बेलग्रेड (द) कोलम्बो

4. भारतीय जनसंघ का गठन किस वर्ष हुआ? 01

(अ) 1955 (ब) 1953

(स) 1952 (द) 1951

5. 'ऑपरेशन फ्लड' का सम्बन्ध है– 01

(अ) मत्स्य उत्पादन (ब) अनाज उत्पादन

(स) तिलहन उत्पादन (द) दुग्ध उत्पादन

6. 9/11 का आतंकवादी हमला किस देश पर किया गया था–01

(अ) यू0एस0ए0 (ब) इटली

(स) जापान (द) यू0के0

7. 'चिपको आन्दोलन' का प्रारम्भ किस राज्य से हुआ– 01

(अ) मध्य प्रदेश (ब) उत्तराखण्ड

(स) हरियाणा (द) उत्तर प्रदेश

8. निम्न में से किस देश के द्वारा 'खुले द्वार' (Opendoor) की नीति अपनाई गई– 01

(अ) चीन (ब) ब्रिटेन

(स) जापान (द) अमरीका

9. 'कारगिल संघर्ष' कब हुआ? 01

(अ) 1997 (ब) 1999

(स) 1998 (द) 1996

10. निम्नलिखित में से कौन–सा आपातकाल की घोषणा के सन्दर्भ से मेल नहीं खाता है– 01

(अ) 'सम्पूर्ण क्रान्ति का आह्वान

(ब) 1974 की रेल हड़ताल

(स) इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला

(द) शाह आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्ष।

(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)

11. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन क्या है? 02

12. 'सरदार सरोवर परियोजना' का सम्बन्ध किस नदी तथा किस आन्दोलन से है? 02

13. 'वीपंस ऑफ मास डिस्ट्रक्शन' (Weapons of Mass Distruction) क्या है? 02

14. आजादी के समय रियासतों (रजवाड़ों) की संख्या कितनी थी तथा इन्हें भारत से जोड़ने का श्रेय किसे जाता है? 02

15. 'पृथ्वी सम्मेलन' (Earth Summit) कब एवं कहाँ सम्पन्न हुआ? 02

16. कश्मीर पर कबायली आक्रमण कब एवं किसके द्वारा किया गया? 02

17. 'ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म' क्या है? 02

18. नक्सलवादी आन्दोलन किस स्थान से शुरू हुआ? वर्तमान में भारत में कितने राज्य नक्सलवाद से प्रभावित हैं? 02

19. 'आसियान' का पूरा नाम लिखिए? 02

20. यूरोपीय संघ के उन दो देशों का नाम लिखिए जो सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं? 02

(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

21. सुरक्षा परिषद के कार्यों का उल्लेख कीजिए? 05

22. बाबा साहब भीमराव रामजी आंबेडकर पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए? 05

23. विश्व स्तर पर शरणार्थी समस्या पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए? 05

24. 'नव अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था' का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए? 05

25. क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति 'भारत सरकार का नजरिया' विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए? 05

26. भारत एवं रूस के सम्बन्धों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए? 05

(लघु–उत्तरीय प्रश्न–2)

27. हरित क्रांति क्या थी? इसके दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए? 2+4

28. भारत की विदेश–नीति में गुटनिरपेक्षता के महत्व का उल्लेख कीजिए? 06

29.. 2002 में भारत द्वारा किस वैश्विक पर्यावरणीय संधि पर हस्ताक्षर किये गये? भारत के संदर्भ में साझी सम्पदा के अर्थ को उदाहरण देकर संक्षेप में विवेचना कीजिए? 2+4

30. किन दो संशोधनों के द्वारा महिलाओं को स्थानीय राजनीतिक निकायों में आरक्षण दिया गया है? स्वतन्त्रता के बाद महिलाओं की स्थिति में आये परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए? 2+4

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31. दक्षेस की स्थापना कब एवं कहाँ हुई? दक्षेस से क्या आशय है? दक्षिण एशिया के देशों में दक्षेसर (सार्क) और महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके इसके लिए आप क्या सुझाव देंगे? 2+2+4

अथवा

आसियान की स्थापना कब की गई? आसियान शैली क्या है? आसियान की उपलब्धियों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए?

2+2+4

32. राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कब की गई? किस अनुच्छेद के अन्तर्गत इसका उल्लेख है? इसके तात्कालिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए? 2+2+4

अथवा

भारत द्वारा प्रथम एवं द्वितीय परमाणु परीक्षण किन–किन वर्षों में किये गये। भारत की परमाणु नीति का सैद्धान्तिक पक्ष क्या है? परमाणु परीक्षण के पश्चात् भारत की विदेश नीति के प्रमुख लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की विवेचना कीजिए। 2+2+4

*****